"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 35] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 20 जनवरी 2023 — पौष 30, शक 1944

खनिज साधन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 19 जनवरी 2023

अधिसूचना

क्रमांक एफ 7–7/2004/XII.— खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (क्र. 67 सन् 1957) की धारा–15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यवसाय के विनियमन हेतु निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :–

नियम

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ**.– (1) ये नियम छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम, 2023 कहलायेंगे।

(2) ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों पर लागू होंगे।

(3) ये नियम राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त हांगे।

2. **परिभाषाएं** .– (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''उच्चतम निर्धारित मूल्य'' से अभिप्रेत है जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित मूल्य;

(ख) ''ग्राम पंचायत'' से अभिप्रेत है, संबंधित ग्राम पंचायत;

(ग) ''जिला–स्तरीय समिति'' से अभिप्रेत है कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर गठित अधिकारियों की समिति, जो वर्णित प्रावधान के अनुसार कार्य करेगी;

(घ) ''अनुसूचित क्षेत्र'' से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 के खण्ड (1) में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्र,

(ड.) ''नगरीय निकाय'' से अभिप्रेत है यथास्थिति, संबंधित नगर पंचायत/ नगरपालिका /नगरपालिक निगम ।

(2) शब्द और अभिव्यक्तियां, जो इन नियमों में प्रयुक्त है किन्तु परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होंगे, जो कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम, 2019 में उनके लिये समनुदेशित है।

3. ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय द्वारा राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में, इन नियमों में विहित शर्तों के अध्यधीन तथा इनके अनुसार ही गौण खनिज रेत का उत्खनन एवं परिवहन कार्य कर सकेगाः

परन्तु इन नियमों में अंतर्विष्ट कोई भी बात, इन नियमों के लागू होने के पूर्व प्रदान की गई ऐसी किसी उत्खनन पट्टा पर लागू नहीं होगी, जो इन नियमों के लागू होने के समय प्रवृत्त थी।

4. **उत्खनन पट्टा हेतु आवेदन**.—(1) रेत उत्खनन पट्टा प्राप्त करने हेतु संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय, विहित प्ररूप—एक में संबंधित जिले के खनिज शाखा में आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(2) आवेदन शुल्क— (क) रूपये 1000 का गैर—वापसी योग्य आवेदन शुल्क;

(ख) उपरोक्त शुल्क, शासकीय कोषालय में निम्नलिखित राजस्व प्राप्ति शीर्ष के अंतर्गत जमा किया जाएगाः—

मुख्य शीर्ष 0853 — अलौह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग

लघु शीर्ष {800} — अन्य प्राप्तियां

(0229) — विविध

5. **साधारण रेत खदानों का चिन्हांकन एवं उच्चतम निर्धारित मूल्य का निर्धारण**.— (1) अनुसूचित क्षेत्र हेतु, संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा रेत खदान संचालन हेतु नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्राप्त होने पर, कलेक्टर, जिला स्तरीय समिति की राय के अनुसार, रेत खनन क्षेत्र का चिन्हांकन, सीमाकंन (अक्षांश एवं देशांश सहित) कर, समस्त निरीक्षण प्रतिवेदन लिये जाने के पश्चात्, खदान घोषित करेगा तथा उन्हें विशिष्ट नाम देगा।

(2) अनुसूचित क्षेत्रों में, साधारण रेत का क्षेत्र घोषित करने के लिए, ग्राम सभा का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(3) जिला स्तरीय समिति, जिलेवार साधारण रेत खनन एवं लदान हेतु प्रतिघन मीटर उच्चतम निर्धारित मूल्य (Ceiling Price) (लोडिंग दर, रैम्प निर्माण, खदान क्षेत्र पहुंच मार्ग मरम्मत एवं अन्य संबंधित व्यय) का निर्धारण करेगी, जो कि दो वित्तीय वर्ष हेतु विधिमान्य होगी।

(4) उच्चतम निर्धारित मूल्य में रायल्टी, जिला खनिज संस्थान न्यास में अंशदान, पर्यावरण उपकर, अधोसंरचना विकास उपकर, स्त्रोत पर आयकर कटौती एवं अन्य कर आदि, जो लागू हो, की राशि सम्मिलित नहीं होगी।

6. **उत्खनन योजना तैयार एवं अनुमोदन कराना** .— (1) उत्खनन योजना, भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय द्वारा अधिकृत अर्हित व्यक्ति द्वारा ही तैयार कराना अनिवार्य होगा।

(2) उत्खनन योजना का अनुमोदन, संबंधित जिले में पदस्थ उप—संचालक (खनिज प्रशासन) अथवा खनन अधिकारी, जो भू—विज्ञान विषय के साथ स्नातकोत्तर हो, द्वारा किया जायेगा।

(3) तकनीकी अर्हताधारी उप—संचालक (खनिज प्रशासन) एवं खनन अधिकारी जिले में पदस्थ नहीं होने की स्थिति में, निकटस्थ जिले में या भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय में, पदस्थ अर्हित उप—संचालक (खनिज प्रशासन) एवं खनन अधिकारी, जो संचालक द्वारा अधिकृत होगा, के द्वारा उत्खनन योजना का अनुमोदन किया जायेगा।

(4) उत्खनन योजना तैयार करने एवं अनुमोदन कराने तथा पर्यावरण सम्मति प्राप्त करने में कठिनाई होने की दशा में, संबंधित जिले के खनि शाखा में पदस्थ खनन अधिकारी एवं खनन निरीक्षक द्वारा संबंधित सरपंच अथवा सचिव को सहायता प्रदान किया जायेगा।

7. **उत्खननपट्टे की कालावधि** .— साधारण रेत के उत्खनन हेतु उत्खनन पट्टा पांच वर्ष की कालावधि के लिए प्रदान किया जायेगा। पांच वर्ष के अवधि की गणना, उत्खनन पट्टे विलेख के पंजीयन के दिनांक से किया जायेगा।

8. **उत्खनन पट्टा प्रदाय करने की प्रक्रिया**.— (1) संबंधित पंचायत अथवा निकाय, अनुसूचित क्षेत्र में कलेक्टर द्वारा खदान घोषित किये जाने की तिथि से 15 दिवस के भीतर, रूपये 25 हजार प्रति हेक्टेयर या उसके किसी भाग के लिए कार्यपालन प्रतिभूति के रूप में चालान के माध्यम से प्रस्तुत करेगा।

(2) ऐसी कार्यपालन प्रतिभूति के प्राप्त होने पर, मंजूरकर्ता प्राधिकारी (कलेक्टर) संबंधित पंचायत/नगरीय निकाय को आशय पत्र जारी करेगा।

(3) संबंधित पंचायत/नगरीय निकाय को आशय पत्र जारी करने के दिनांक से 12 माह के भीतर निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा :—

(क) समस्त सहमति, अनुमोदन, अनापत्ति और ऐसे ही अन्य दस्तावेज, जो उत्खनन संक्रियाओं को प्रारंभ करने के पूर्व वन, पर्यावरण से संबंधित तथा यथा लागू सुसंगत विधियों के अधीन अपेक्षित हो, प्रस्तुत करना होगा;

(ख) सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित उत्खनन योजना प्रस्तुत करना होगा;

(ग) पट्टाधारी, साधारण रेत के उत्खनन हेतु स्वीकृत सभी वन एवं पर्यावरण सम्मति प्रस्तुत करेगा।

(4) उप–नियम (3) में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करने पर, मंजूरकर्ता प्राधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय को उत्खनन पट्टा प्रदान कर सकेगा।

(5) यदि आशय पत्र जारी होने की तिथि से बारह माह के भीतर, उप–नियम (3) में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा नहीं किया जाता है, तो आशय पत्र स्वमेव निरस्त माना जायेगा और संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यपालन प्रतिभूति राजसात की जायेगीः

परन्तु संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय द्वारा इस आशय का आवेदन प्राप्त होने पर, यह पाया जाता है कि विनिर्दिष्ट समयावधि में, विनिर्दिष्ट शर्तों का पालन करने में विफल होने का पर्याप्त कारण विद्यमान है, साथ ही पर्यावरण सम्मति हेतु विनिर्दिष्ट समयावधि में आवेदन कर दिया है, तो कलेक्टर द्वारा पर्यावरण सम्मति प्राप्त होने तक अतिरिक्त कालावधि बढ़ाई जा सकेगी।

9. **उत्खनन पट्टे विलेख का निष्पादन नब्बे दिवस के भीतर किया जाना.**–(1) जहां कोई उत्खनन पट्टा प्रदान किया गया है, वहां पट्टा स्वीकृत करने के आदेश के नब्बे दिवस के भीतर, प्ररूप–तीन में उत्खनन पट्टा विलेख निष्पादित किया जायेगा और उसे भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का सं.16) के अधीन रजिस्टीकृत किया जायेगा और यदि नियत कालावधि में ऐसे विलेख का निष्पादन नहीं किया जाता है, तो पट्टा स्वीकृत आदेश, प्रतिसंहृत हो जायेगी।

(2) जहां संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय, विनिर्दिष्ट नब्बे दिवस की कालावधि के भीतर, उत्खनन पट्टा विलेख निष्पादित करने में अक्षम है, वहां वह कारणों का उल्लेख करते हुए, उक्त कालावधि के पूर्व कलेक्टर को पांच सौ रूपये के गैर–वापसी योग्य शुल्क के साथ समय में वृद्धि करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

(3) कलेक्टर, उप–नियम (2) के अधीन आवेदन की प्राप्ति पर, विलेख निष्पादन में असमर्थता के कारणों की पर्याप्तता और यथार्तता के बारे में स्वयं समाधान करेगा तथा समाधान हो जाने पर, वह समयावधि में ऐसी अतिरिक्त वृद्धि कर सकेगा, जो कि नब्बे दिवस से अधिक न हो।

10. **गौण खनिज साधारण रेत के खनन एवं व्यवसाय हेतु सामान्य निबंधन एवं शर्तें.**– (1) पट्टाधारी वन, पर्यावरण, खनिज एवं अन्य सम्मतियों में उल्लिखित समस्त शर्तों का पालन करने हेतु उत्तरदायी होगा।

(2) पट्टाधारी, उत्खनन योजना तथा पर्यावरण सम्मति के अनुसार स्वीकृत क्षेत्र के भीतर शासन द्वारा निर्धारित समस्त कर का भुगतान कर, गौण खनिज रेत का उत्खनन कर सकेगा।

(3) पट्टाधारी, रेत खदानों में उत्खनन एवं निकास का कार्य स्वतः करेगी और इस कार्य को ठेके पर देना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।

(4) पट्टाधारी, निकास किये गये खनिज के लिए प्रति घन मीटर की दर से शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित रायॅल्टी, सीधे पंचायतराज के शीर्ष में जमा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(5) उच्चतम निर्धारित मूल्य के बराबर राशि, पट्टाधारी द्वारा प्रीमियम राशि के रूप में सीधे पंचायतराज के शीर्ष में भुगतान किया जायेगा।

(6) पट्टाधारी, निकास किये गये खनिज के लिए प्रति घनमीटर की दर से शासन द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित जिला खनिज संस्थान न्यास (डी.एम.एफ.टी.) में रॉयल्टी राशि के दस प्रतिशत की दर से तथा अन्य कर अभिहित लेखा शीर्ष में जमा करने हेतु उत्तरदायी होगा।

(7) पट्टेदार द्वारा खनिज के परिवहन हेतु अभिवहन पारपत्र विहित प्ररूप–एक (छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009) में नियत रॉयल्टी राशि एवं अन्य कर जमा किये जाने के पश्चात् जारी किये जायेंगे।

(8) संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय को, राज्य शासन द्वारा निर्धारित मुद्रण शुल्क जमा करने पर, कलेक्टर, खनिज शाखा से अभिवहन पारपत्र जारी किये जायेंगे।

(9) संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय, रेत उत्खनन के मामलो में भी छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 3 में प्रावधानित निम्नलिखित छूटों का पालन करेगीः–

(क) अनुवांशिक कुम्हार, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्य या उनकी ऐसी सहकारी सोसाइटियां, जो परम्परागत साधनों से कवेलू, बर्तन, ईंट बनाती है, को इन उपरोक्त कार्यों हेतु रेत के उपयोग पर रायल्टी के भुगतान में छूट रहेगी;

(ख) स्वतः के निवास गृह निर्माण, कुओ के निर्माण या मरम्मत या अन्य कृषि कार्य के लिए ग्रामों में रहने वाले कृषक, ग्रामीण कारीगर और मजदूरों को रेत के उपयोग पर रायल्टी में छूट रहेगी;

(ग) ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत या नगरीय निकाय द्वारा स्वतः कराये जाने वाले सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए रेत के उपयोग पर रायल्टी में छूट रहेगी।

(10) किसी पुल, राष्ट्रीय/राज्य मार्ग से दो सौ मीटर के भीतर, उत्खनन कार्य नहीं किया जायेगा।

(11) किसी प्राकृतिक जल स्रोत, बांध या जलाशय या अन्य किसी संरचना से सौ मीटर के भीतर उत्खनन कार्य नहीं किया जायेगा।

(12) नदी के दोनों तटों से नदी की चौड़ाई के दस प्रतिशत क्षेत्र को छोड़कर, उत्खनन कार्य किया जायेगा।

(13) सतह से तीन मीटर की गहराई अथवा नदी में बैड रॉक तक ही साधारण रेत का उत्खनन किया जाएगा।

(14) छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 51 के उप–नियम (20) के खण्ड (क) के अनुरूप विहित प्ररूप में उत्खनन की मासिक विवरणीयां आगामी माह के 15 दिवस को या उसके पूर्व संबंधित पंचायत एवं स्थानीय निकाय द्वारा संबंधित कलेक्टर को प्रस्तुत किया जायेगाः

परंतु उपरोक्तानुसार अद्यतन विवरणियां प्रस्तुत करने के पश्चात् ही अभिवहन पारपत्र जारी किया जायेगा।

(15) साधारण रेत के प्रत्येक खदान में, उच्चतम निर्धारित मूल्य (जिस पर रेत का भराव किया जाना है) तथा अन्य करों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जायेगा।

(16) माननीय न्यायालय/केन्द्र/राज्य शासन/एनजीटी द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों तथा किसी अन्य प्रयोज्य विधि का पालन करना अनिवार्य होगा।

(17) इन नियमों के प्रावधानों अथवा अनुबंध की निबंधन एवं शर्तों के उल्लंघन की दशा में, कलेक्टर द्वारा कार्यपालन प्रतिभूति राशि को संपूर्ण अथवा आंशिक रूप से समहृपत किया जा सकेगा।

(18) यदि खदानों का संचालन करने में संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है, और उसी पंचायत के यथा स्थान पंजीकृत स्व–सहायता समूह अथवा स्थानीय बेरोजगार की कोऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा खदान संचालन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो जिला कलेक्टर, जिला स्तरीय समिति के माध्यम से आवेदन पर विचार करने के पश्चात्, ग्राम सभा के अनुमोदन से, खदान के संचालन हेतु अधिकृत कर सकेगा।

11. **सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग** .– राज्य शासन, सुव्यवस्थित तरीके से साधारण रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी तंत्रों का उपयोग कर सकेगा। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करना बंधनकारी होगा।

12. **साधारण रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण**.– जिला एवं संचालनालय स्तर पर गठित उड़नदस्तों द्वारा साधारण रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण किया जायेगा।

13. **शास्ति**.– जब कभी ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय द्वारा विधिमान्य प्राधिकार के सिवाय, साधारण रेत का उत्खनन/भंडारण/परिवहन करता पाया जाता है तो ऐसा कार्य, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 समय समय पर यथा संशोधित, एवं इसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन अपराध माना जायेगा तथा तद्नुसार, ऐसा व्यक्ति शास्ति हेतु उत्तरदायी होगा।

14. **अपील/पुनरीक्षण**.– इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के होते हुए भी, इन नियमों के अधीन पारित किसी आदेश के संबंध में अपील अथवा पुनरीक्षण, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के अध्याय–चौदह में अन्तर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार होगा।

15. **स्पष्टीकरण**.– इन नियमों के किसी प्रावधान के निर्वचन के संबंध में किसी अस्पष्टता की दशा में, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम, 2019 में अन्तर्विष्ट प्रावधान लागू होंगे।

16. **निरसन एवं व्यावृत्ति** .– अनुसूचित क्षेत्र में इन नियमों के प्रवृत्त होने के पूर्व जारी, साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यापार से संबंधित सभी निर्देश एवं आदेश, इन नियमों के प्रवृत्त होने पर अनुसूचित क्षेत्र के लिये निरसित हो जायेंगे।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जय प्रकाश मौर्य, संयुक्त सचिव.

प्ररूप–एक

(नियम 4 देखिए)

रेत उत्खनन पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन (ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय हेतु)

दिनांक .....स्थान .....में प्राप्त किया गया

(यहां न्यायालय फीस स्टाम्प चिपकाएं)

प्रति,

कलेक्टर

जिला – .....

1. मैं/हम अनुसूची में विनिर्दिष्ट क्षेत्र में खसरा क्र..... रकबा ..... हेक्टेयर भूमि में .... वर्ष की अवधि के लिए रेत उत्खनन पट्टा हेतु आवेदन करते है।

2. नियमों के अधीन देय रूपये 1,000 (रूपये एक हजार) की राशि, आवेदन शुल्क (गैर–वापसी योग्य) के रूप में चालान क्र. ..... दिनांक ..... स्थान .....में जमा कर दी गई है।

3. आवश्यक विशिष्टियां नीचे दी गई है :–

(एक) आवेदक का नाम (नियम 2(ख)(ड.) के अनुसार) एवं पूर्ण पता .....

(दो) मोबाईल नंबर (नियम 2(ख)(ड.) के अनुसार) .....

(तीन) आवेदक की राष्ट्रीयता .....

(चार) आधार कार्ड नंबर (नियम 2(ख)(ड.) के अनुसार) .....

(पांच) वे साधन, जिनके द्वारा खनिज उठाया जायेगा अर्थात् मानव श्रमिक द्वारा या मशिनरी तंत्र द्वारा ....

(छः) क्या आपके पंचायत क्षेत्र में पूर्व में पंचायत को रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत था, हां/नहीं ....

(सात) यदि हां तो, अदेय प्रमाण पत्र .....

(आठ) अधिसूचित रेत खदान का सम्पूर्ण विवरण :–

(1) ग्राम पंचायत का नाम .....

(2) खसरा/पांचशाला .....

(3) चिन्हाकिंत पटवारी नक्शा .....

(4) खसरा क्र .....रकबा .....

(5) तहसील एवं पटवारी हल्का नंबर .....

(6) नदी का नाम .....

(7) नदी की चौड़ाई .....

(नौ) रेत खदान से निर्धारित दूरी पर अवस्थित :–

(1) किसी भी विभाग की पक्की सड़क से दूरी .....

(2) छोटा पुल से दूरी .....

(3) बड़ा पुल से दूरी .....

(4) एनीकट से दूरी .....

(5) बांध से दूरी .....

(6) निकटस्थ अन्य कोई रेत खदान से दूरी .....

स्थान .....
दिनांक .....

भवदीय
(नाम तथा पदनाम)

प्ररूप–दो

(देखिए नियम 10 (18))

रेत उत्खनन पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन

(पंजीकृत स्व–सहायता समूह अथवा स्थानीय बेरोजगार की कोऑपरेटिव सोसाइटी हेतु)

दिनांक ..... स्थान ..... में प्राप्त किया गया

(यहां न्यायालय फीस स्टाम्प चिपकाएं)

प्रति,

कलेक्टर

जिला – .....

1. मैं/हम अनुसूची में विनिर्दिष्ट क्षेत्र में खसरा क्र..... रकबा ..... हेक्टेयर भूमि में .... वर्ष की अवधि के लिए रेत उत्खनन पट्टा हेतु आवेदन करते है।

2. नियमों के अधीन देय रूपये 1,000 (रूपये एक हजार) की राशि, आवेदन शुल्क (गैर–वापसी योग्य) के रूप में चालान क्र. ..... दिनांक ..... स्थान ..... में जमा कर दी गई है।

3. आवश्यक विशिष्टियां नीचे दी गई है :–

(एक) आवेदक पंजीकृत स्व–सहायता समूह/स्थानीय बेरोजगार की कोऑपरेटिव सोसाइटी का नाम ....

(दो) पता (पंजीकृत स्व–सहायता समूह/स्थानीय बेरोजगार की कोऑपरेटिव सोसाइटी) ....

(तीन) आवेदक की राष्ट्रीयता .....

(चार) आधार कार्ड नंबर .....

(पांच) मोबाईल नंबर .....

(छः) संचालकों/सदस्यों की सूची (पंजीकृत स्व–सहायता समूह/स्थानीय बेरोजगार की कोऑपरेटिव सोसाइटी .....

(सात) रजिस्ट्रीकरण/निगमन प्रमाण पत्र .....

(आठ) वे साधन, जिनके द्वारा खनिज उठाया जायेगा अर्थात् मानव श्रमिक द्वारा या मशिनरी तंत्र द्वारा ....

(नौ) क्या आपके ग्राम पंचायत क्षेत्र में पूर्व में ग्राम पंचायत को रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत था, हां/नहीं ....

(दस) यदि हां तो, अदेय प्रमाण पत्र .....

(ग्यारह) अधिसूचित रेत खदान का सम्पूर्ण विवरण :–

(1) ग्राम पंचायत का नाम .....

(2) खसरा/पांचशाला .....

(4) खसरा क्र .....रकबा .....

(5) तहसील एवं पटवारी हल्का नंबर .....

(6) नदी का नाम .....

(7) नदी की चौड़ाई

(बारह) रेत खदान से निर्धारित दूरी पर अवस्थित :–

(1) किसी भी विभाग की पक्की सड़क से दूरी .....

(2) छोटा पुल से दूरी .....

(3) बड़ा पुल से दूरी .....

(4) एनीकट से दूरी .....

(5) बांध से दूरी .....

(6) निकटस्थ अन्य कोई रेत खदान से दूरी .....

स्थान .....
दिनांक .....

भवदीय
(नाम तथा पदनाम)

प्ररुप–तीन

(नियम 9 (1) देखिये)

रेत उत्खनन पट्टा अनुबंध विलेख (अनुसूचित क्षेत्र हेतु)

यह करार एक पक्षकार के रुप में कलेक्टर, –––––––––– छत्तीसगढ़, के माध्यम से कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल (जो इसमें इसके पश्चात् ''पट्टाकर्ता'' के रूप में निर्दिष्ट है, और इसके अन्तर्गत जहां सन्दर्भ के अनुकूल है, वहां उनके पदोत्तरवर्ती भी है) और दूसरे पक्षकार –––––––––––––––––––––––––– (व्यक्ति का नाम, पता तथा व्यवसाय सहित) (जो इसमें इसके पश्चात् ''पट्टेदार'' के रूप में निर्दिष्ट है और इसके अन्तर्गत जहां सन्दर्भ के अनुकूल है, वहां क्रमशः उसके वारिस, निष्पादक, प्रशासक, प्रतिनिधि तथा अनुज्ञाप्राप्त समनुदेशिति भी सम्मिलित है)

अथवा

.....(सोसाइटी या सहयोजन का नाम, पता व्यवसाय सहित) तथा ..... (व्यक्ति का नाम, पद सहित) (जो इसमें इसके पश्चात् ''पट्टेदार'' के रूप में निर्दिष्ट है, और इसके अन्तर्गत जहां सन्दर्भ के अनुकूल है, वहां उनके क्रमशः वारिस, निष्पादक, प्रशासक, प्रतिनिधि तथा उसके अनुज्ञा प्राप्त समनुदेशिति भी सम्मिलित है)

अथवा

..... (भागीदारों के नाम तथा पतें) आत्मज .... निवासी ..... समस्त व्यक्ति, जो भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का सं. 9) के अधीन रजिस्ट्रीकृत फर्म का नाम तथा अभिनाम ..... (फर्म का नाम) के अधीन भागीदारी में कारोबार कर रहे हैं और जिनका रजिस्टर्ड कार्यालय ..... में है (जो इसमें इसके पश्चात् ''अनुज्ञप्तिधारी'' के रूप में निर्दिष्ट है, इसके अंतर्गत जहां संदर्भ के अनुकूल है, वहां उक्त फर्म के समस्त भागीदार, उत्तराधिकारी, निष्पादक, विधिक प्रतिनिधि तथा अनुज्ञाप्राप्त समनुदेशिती भी सम्मिलित है)

तद्नुसार, पट्टेदार/पट्टेदारों ने, छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम (अनुसूचित क्षेत्र हेतु), 2022 (जो इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम के रूप में निर्दिष्ट है) के अनुसार इसके नीचे लिखी गयी अनुसूची के भाग–एक में वर्णित भूमियों के संबंध में खनिज साधारण रेत हेतु उत्खनन पट्टा की स्वीकृति पंजीयन दिनांक .....से . ..... तक पांच वर्ष के लिए दी गई है।

रेत की ऐसी समस्त खदानें (यहां खनिज या खनिजों का विवरण दें) (जो इसमें इसके पश्चात् और अनुसूची में उक्त खनिजों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है) जो उन भूमियों में, जिन्हें उक्त अनुसूची के भाग–एक में विनिर्दिष्ट किया गया है, अवस्थित है और उनमें तथा उसके नीचे है, इसके सम्बंध में प्रयोज्य स्वतंत्रताओं, शक्तियों तथा विशेषाधिकारों को सम्मिलित करते हुए, जो उक्त अनुसूची के भाग–दो में वर्णित है, ऐसी स्वतंत्रताओं, शक्तियों तथा विशषाधिकारों का प्रयोग करने तथा उपभोग करने के सम्बंध में उन निबंधनों तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो उक्त अनुसूची के भाग–तीन में वर्णित है, इस अपवाद के साथ और इस पट्टे में से, राज्य सरकार के प्रति वे स्वतंत्रतायें, शक्तियां तथा विशेषाधिकार आरक्षित करते हुए, जो उक्त अनुसूची के भाग–चार में वर्णित है, परिसर, दिनांक ..... से ..... तक (05 वर्ष तक) की कालावधि के लिए धारण करने हेतु पट्टेदार/पट्टेदारों को एतद्द्वारा प्रदान किये जाते है एवं पट्टे पर दिये जाते है, अतः उस स्वामिस्व को, जो उक्त अनुसूची के भाग–पांच में वर्णित है, क्रमशः ऐसी समयों पर, जो उसमें विनिर्दिष्ट है, उक्त अनुसूची के भाग–छः में अंतर्विष्ट उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, राज्य शासन को देगा या उनका भुगतान करेगा और पट्टेदार, एतद्द्वारा, राज्य शासन के साथ ऐसी प्रसंविदा करता है/करते है, जिसे उक्त अनुसूची के भाग–सात में अभिव्यक्त किया गया है, और राज्य शासन, एतद्द्वारा, पट्टेदार/पट्टेदारों के साथ ऐसी प्रसंविदा करता है, जो उक्त अनुसूची के भाग–आठ में अभिव्यक्त किया गया है, और इसके पक्षकारों के बीच पारस्परिक रूप से ऐसी सहमति की जाती है, जो उक्त अनुसूची के भाग–नौ में अभिव्यक्त की गयी है;

जिसकी साक्ष्य में, यह विलेख उस दिनांक और वर्ष को, जो कि ऊपर लिखे है, उस रीति में, जो इसके अधीन प्रकट होती है, निष्पादित किया जाता है।

अनुसूची

भाग–एक

इस पट्टे का क्षेत्र

पट्टे का स्थान और क्षेत्रः–

ग्राम ..... में स्थित भूमियों का वह समस्त भू–भाग (क्षेत्र या क्षेत्रों का वर्णन) जो, तहसील ..... में ग्राम पंचायत ..... में है और जो खसरा क्रमांक .....कुल रकबा ..... हे. क्षेत्र का ..... हे. क्षेत्र है, जो इससे संलग्न नक्शे में प्रत्येक कोने अंकित है तथा जो लाल रंग में दर्शाया गया है, और जिसकी अक्षाशं–देशांश की सीमायें निम्नानुसार है :–

ए.....बी.....सी.....डी.....

जो इसमें इसके पश्चात् ''उक्त भूमि'' के रूप में निर्दिष्ट है।

भाग–दो

उन निबंधनों तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो भाग–तीन में दिये गए हैं, पट्टेदार द्वारा प्रयोग और उपभोग की जाने वाली स्वतत्रंतायें, शक्तियां तथा विशेषाधिकार

1. भूमि पर प्रवेश करना तथा खनिज प्राप्त करना तथा कार्य करना इत्यादि :–

एतद्द्वारा पट्टा की अवधि के दौरान, समस्त समयों पर, उक्त भूमि पर एतद्द्वारा प्रवेश करने और उक्त खनिज को प्राप्त करने के सम्बंध में उपार्जन करने, कार्य करने, ले जाने तथा उनका निपटारा करने के बारे में स्वतंत्रता तथा शक्ति।

2. रास्तों तथा मार्गों इत्यादि का बनाया जाना और विद्यमान रास्तों तथा मार्गों का उपयोग :–

इस भाग में वर्णित प्रयोजनों में से किसी भी प्रयोजन के लिए या उसके सम्बंध में उक्त भूमि में या उसके ऊपर कोई रास्ते तथा अन्य मार्गों को बनाने हेतु ऐसी शर्तों पर, जैसा कि राज्य शासन सहमत हों, उनका उपयोग करने की या उनके सम्बंध में स्वतंत्रता तथा शक्ति।

भाग–तीन

भाग–दो में वर्णित स्वतंत्रताओं, शक्तियों तथा विशेषाधिकारों का प्रयोग करने के सम्बंध में निबंधन तथा शर्तेः–

1. कतिपय स्थानों पर कोई भवन इत्यादि नहीं होगाः–

किसी सार्वजनिक बिहार भूमि, शमशान भूमि या कब्रिस्तान भूमि या व्यक्तियों के किसी वर्ग द्वारा पवित्र माने गये किसी स्थान या ऐसे अन्य स्थान में, जिसे राज्य शासन सार्वजनिक स्थान के रुप में अवधारित करे, किसी परिवहन मार्ग का निर्माण अथवा कोई भी भू–तल संक्रियाएं नहीं की जायेंगी।

2. प्रतिषिद्धि दूरी के भीतर कोई खनन संक्रियायें नहीं की जायेंगीः–

पट्टेदार नियम ..... एवं ..... में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध दूरियों के भीतर किसी भी स्थल पर कोई कार्य या खनन संक्रियायें नहीं करेगा/करेंगे या ऐसा करने की अनुज्ञा नहीं देगा।

3. आसन्न शासकीय अनुज्ञप्तियों तथा पट्टे के लिए सुविधायेंः–

पट्टेदार, ऐसी किसी भूमि पर, जो पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा धारित भूमि में समाविष्ट है या ऐसी भूमि से लगी हुई है या जिस तक उसके द्वारा धारित भूमि से पहुंचा जाता है, शासकीय अनुज्ञप्तियों या पट्टों के विद्यमान तथा भावी धारकों को उस तक पहुंच की युक्तियुक्त सुविधा प्रदान किये जाने बाबत् अनुज्ञा देगाः

परन्तु यह कि अनुज्ञप्तियों या पट्टों के ऐसे धारकों द्वारा इस विलेख के अधीन पट्टेदार की संक्रियाओं के बारे में कोई सारवान प्रतिबाधा या हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा और इस स्वतंत्रता का उपयोग किये जाने के कारण पट्टेदार को हुई हानि या नुकसान के लिए पट्टेदार को ऐसा युक्तियुक्त प्रतिकर दिया जाएगा, जैसा कि पारस्परिक रूप से सहमत हों, या असहमति की दशा में, जैसा कि राज्य शासन द्वारा विनिश्चित किया जाये।

भाग–चार

राज्य शासन के लिए आरक्षित स्वतंत्रतायें, शक्तियां तथा विशेषाधिकार

रेलपथ तथा सड़क मार्ग, एनीकट, तथा पावर ग्रिड आदि बनानाः–

राज्य शासन या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति या किसी पट्टेदार को इस विलेख के भाग–दो में वर्णित प्रयोजनों को छोड़कर किसी अन्य प्रयोजन के लिए, उक्त भूमियों में तथा उस पर प्रवेश करने और उस पर, उसके ऊपर या उसके आरपार किन्हीं रेलपथों, सड़क मार्गों, एनीकट, तथा पावर ग्रिड बनाने, अनुरक्षित करने और मरम्मत करने

के प्रयोजन के लिये या किन्हीं विद्यमान रेलपथों, सड़क मार्गों, एनीकट, पावर ग्रिड तथा अन्य मार्गों से या उन पर से या उनके साथ–साथ समस्त प्रयोजनों के लिए, जैसा कि किसी अवसर पर अपेक्षित हो, प्रवेश करने की स्वंतत्रता तथा शक्तिः

परन्तु यह कि ऐसे अन्य पट्टेदार या व्यक्ति द्वारा ऐसी स्वतंत्रता तथा शक्ति का प्रयोग करने में, इस विलेख के अधीन पट्टेदार/पट्टेदारों की स्वतंत्रताओं तथा विशषाधिकारों के प्रति या उनके सम्बंध में कोई सारवान प्रतिबाधा या हस्तक्षेप कारित नहीं किया जायेगा और इस स्वंतत्रता या शक्ति का प्रयोग किए जाने के कारण या उसके परिणामस्वरूप पट्टेदार/पट्टेदारों को हानि या नुकसान के लिए पट्टेदार/पट्टेदारों को ऐसा उचित प्रतिकर दिया जायेगा, जैसा कि पारस्परिक रूप से सहमत हों, या असहमति की दशा में, जैसा कि राज्य शासन द्वारा अवधारित किया जाये।

भाग–पांच

इस पट्टे द्वारा स्वामिस्व (रायल्टी)

1. स्वामिस्व का भुगतान करनाः–

पट्टेदार, उसके द्वारा पट्टा–क्षेत्र से हटाये गये या खपाये गये किसी भी खनिज के लिए स्वामिस्व (रायल्टी) के भुगतान करने के लिए दायी होगा।

2. स्वामिस्व के भुगतान की दरें तथा रीति :–

इस भाग के खण्ड–1 के उपबंध के अध्यधीन रहते हुए, पट्टेदार, इस पट्टे के अस्तित्व के दौरान उसके या उनके द्वारा पट्टा क्षेत्र से हटाये खनिज/खनिजों के सम्बंध में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 में विनिर्दिष्ट किये गये स्वामिस्व का, इन नियमों की अनुसूची–तीन में तत्समय विनिर्दिष्ट दर से राज्य सरकार को भुगतान करेगा/करेंगे।

3. खदान क्षेत्र में शासन द्वारा निर्धारित दरों/मूल्यों को प्रदर्शित किया जानाः–

पट्टेदार, अपने स्वंय के व्यय पर, एक सूचना पटल प्रदर्शित करेगा, जिसमें शासन द्वारा निर्धारित सिलिंग प्राईस, रॉयल्टी, डी.एम.एफ., समस्त उपकर एवं केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्य कर प्रदर्शित किया जायेगा।

भाग–छः

स्वामिस्व सम्बंधी उपबंध

स्वामिस्व की संगणना की रीति :–

उक्त स्वामिस्वों की संगणना करने के प्रयोजनों के लिए, पट्टादार/पट्टेदार, खपत किये गये तथा प्रेषण किये गए खनिज/खनिजों के उत्पादन का एक सही लेखा रखने के साथ ही खनिज/खनिजों की मात्रा का, जो की स्टाक में है या निर्यात की प्रक्रिया में है, इस नियम के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जांच प्रड़ताल की जा सकेगी।

भाग–सात

पट्टेदार/पट्टेदारों की प्रसंविदायें

1. खदान क्षेत्र को दर्शाने वाले अक्षांश–देशांश की जानकारी प्रदर्शित करनाः–

पट्टेदार, अपने स्वंय के व्यय पर, इस पट्टे के साथ संलग्न नक्शे में दर्शाये जाने वाले सीमांकन के अनुसार खदान क्षेत्र को दर्शाने वाले अक्षांश–देशांश की जानकारी सूचना पटल पर प्रदर्शित करेगा और उन्हें संधारित तथा मरम्मत में रखेगा, ऐसे झाडियों से तथा अन्य बाधाओं से पर्याप्त स्पष्ट रहेंगे, जिससे कि वे सरलता से पहचाने जा सकें तथा प्रत्येक रेत खदान में, रेत का उच्चतम निर्धारित मूल्य (जिस पर खदान से रेत का विक्रय किया जाना है) प्रदर्शित किया जायेगा।

2. सरकार को समस्त दावों के विरुद्ध क्षतिपूरित रखा जायेगाः–

पट्टेदार, ऐसे समस्त नुकसान, क्षति या विघ्न के लिये, जो इस पट्टे द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उसके/उनके द्वारा किए गये हों, उस विषय पर प्रवृत्त विधि के अनुसार ऐसा युक्तियुक्त हर्जाना तथा प्रतिकर देगा तथा उनका भुगतान करेगा/करेंगे, जैसा कि विधियुक्त प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाये और ऐसे समस्त दावों के तथा उसके बारे में समस्त लागत तथा खर्च के विरूद्ध, ऐसे किसी नुकसान क्षति या विघ्न के सम्बंध में, जो कि किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों द्वारा किये जायें, राज्य शासन को क्षतिपूरित करेगा/करेंगे और पूर्ण रुप से तथा संपूर्णतः क्षतिपूरित रखेगा/रखेंगे।

3. खदानों का निरीक्षण अनुज्ञात किया जानाः–

पट्टेदार निरीक्षण, परीक्षण, सर्वेक्षण, पूर्वेक्षण करने और उसके नक्शे बनाने, नमूने लेने तथा कोई आंकड़े एकत्र करने के प्रयोजन के लिए इन नियमों के अधीन प्राधिकृत किसी अधिकारी को किसी परिसर में, जिसमें कोई भवन, उत्खनन, या पट्टे में समाविष्ट भूमि सम्मिलित है, प्रवेश करने को अनुज्ञात करेगा/करेंगे और पट्टेदार, उसके/उनके द्वारा नियोजित ऐसे योग्य व्यक्ति के साथ, जो खान से तथा कार्यों से परिचित है, ऐसे अधिकारी/अभिकर्ताओं, नौकरों

तथा कर्मकारों को, ऐसे प्रत्येक निरीक्षण करने में प्रभावी तौर पर सहायता करेगा/करेंगे और खदानों के कार्यकरण के सम्बंध में ऐसी समस्त सुविधायें, जानकारी देगा/देंगे, जो कि वे युक्तियुक्त रुप से अपेक्षित करें और ऐसे समस्त आदेशों तथा विनियमों, जैसे कि केन्द्र या राज्य शासन ऐसे निरीक्षण के परिणामस्वरुप या अन्यथा समय–समय पर अधिरोपित करना उचित समझे, के अनुरुप अनिवार्य रुप से कार्य करेगा/करेंगे तथा उनका अनुपालन करेगा/करेंगे।

4. दुर्घटना की रिपोर्ट किया जानाः–

पट्टेदार, बिना विलंब के, कलेक्टर को किसी ऐसी दुर्घटना की एक रिपोर्ट भेजेगा/भेजेंगे, जो इस पट्टे के अधीन संक्रियाओं के अनुक्रम में हुई हो, जिनके कारण मृत्यु या गंभीर शरीरिक क्षति या संपत्ति में गंभीर क्षति कारित की गयी हो अथवा जो जीवन या संपत्ति को गंभीर रुप से प्रभावित या संकटापन्न करने वाली हो।

5. अन्य खनिजों के अन्वेषण की रिपोर्ट की जानाः–

पट्टेदार, पट्टा क्षेत्र में ऐसे किसी खनिज को जो पट्टे में विनिर्दिष्ट नहीं है, अन्वेषण की रिपोर्ट ऐसे प्रत्येक उपलब्धि के स्वरुप तथा स्थिति के बारे में पूर्ण विवरण के साथ कलेक्टर को अविलंब देगा/देंगे। यदि ऐसा कोई खनिज, जो पट्टे में विनिर्दिष्ट नहीं है, पट्टा क्षेत्र में अन्वेषित किया जाता है, तो पटटेदार, ऐसे खनिज को तब तक प्राप्त नहीं करेगा/करेंगे और उसका निपटारा नहीं करेगा/करेंगे, जब तक कि ऐसे खनिज को पट्टे में सम्मिलित न कर दिया जाये या उसके लिए एक पृथक पट्टा अभिप्राप्त न कर लिया जाये।

6. उत्पादन तथा कर्मचारियों इत्यादि के बारे में अभिलेखों एवं लेखाओं का रखा जानाः–

पट्टेदार, उक्त अवधि के दौरान समस्त समयों पर, ऐसे कार्यालय में, जो उक्त भूमियों पर या उनके निकट स्थित हों, लेखाओं की सही तथा बोधगम्य ऐसी लेखा पुस्तकें रखेगा/रखेंगे या रखवायेगा/रखवायेंगे, जिनमें निम्नलिखित के सम्बंध में समय समय पर सही प्रविष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी :–

1. उक्त भूमियों से प्राप्त उक्त खनिज/खनिजों की मात्रा तथा प्रकार;
2. उन खनिज/खनिजों को, जिनका विक्रय तथा निर्यात किया गया हो, मात्रायें तथा विभिन्न प्रकार पृथक पृथक रूप से;
3. उक्त खनिज/खनिजों के समस्त या विक्रेता की कीमते तथा अन्य समस्त विवरण;
4. उक्त भूमियों पर खानों या कार्यों में विनियोजित व्यक्तियों की संख्या, तकनीकी कार्मिकों की राष्ट्रीयता, अर्हतायें तथा वेतन विनिर्दिष्ट करते हुए;
5. ऐसे अन्य तथ्य, विशिष्टियां तथा परिस्थितियां, जिनके बारे में राज्य सरकार समय समय पर अपेक्षा करे, और ऐसे अधिकारी को ऐसे समयों पर, जैसा कि केन्द्र शासन या राज्य शासन नियत करे, ऐसी समस्त लेखा पुस्तकों के असली तथा संक्षिप्त सार और पूर्वोवत् समस्त या किसी विषय के बारें में ऐसी जानकारी एवं विवरणियां, जैसा कि राज्य सरकार विहित करे, निःशुल्क प्रस्तुत करेगा/करेंगे तथा ऐसे युक्तियुक्त समयों पर ऐसे अधिकारियों को, जैसा कि केन्द्र या राज्य शासन उस निमित्त नियुक्त करें, उक्त लेखा पुस्तकों, रेखांको तथा अभिलेखों का परीक्षण तथा निरीक्षण करने के लिए अनुज्ञात करेगा/करेंगे और उनकी प्रतिलिपियां तथा उनके उद्धरण तैयार करने के प्रयोजनों के लिए, उक्त कार्यालयों में प्रवेश करने तथा उन तक अबाध पहुंच रखने के लिए अनुज्ञात करेगा/करेंगे।

7. तृतीय पक्षों को हुई क्षति प्रतिकर का भुगतान :–

पट्टेदार/पट्टेदारों, इस विलेख द्वारा प्रदत्त स्वंतत्रताओं तथा शक्तियों का प्रयोग करते हुए पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा किसी व्यक्ति या संपत्ति को किए गए समस्त नुकसान, क्षति या विघ्न के लिए युक्तियुक्त तथा समाधन कारक प्रतिकर देगा तथा भुगतान करेगा/करेंगे और समस्त समयों पर ऐसे समस्त वादों, दावों तथा मांगों के लिए तथा उनके विरूद्ध, जो कि ऐसे किसी नुकसान, क्षति या विध्न के लिए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा किए जायें, राज्य शासन को क्षतिपूरित रखेगा, और शासकीय भूमि की दशा में, पट्टेदार/पट्टेदारों, राजस्व विभाग द्वारा संबंधित जिले की पड़त भूमि के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु निर्धारित की जाने वाली कीमत के पांच प्रतिशत समतुल्य राशि के प्रतिकर का भुगतान, राज्य शासन को करेगा/करेंगे।

8. पट्टेदार आवश्यक अतिरिक्त रकम जमा करेगा :–

जब कभी रूपये ..... का कार्यपालन प्रतिभूति उसके किसी भी भाग की पुनः पूर्ति करने, राज्य शासन के पास इसमें इसके पश्चात् जमा की गई, और रकम समपहृत की जाये या इसमें इसके पश्चात् घोषित शक्ति के अनुसरण में राज्य शासन द्वारा उपयोग की जाये, तब पट्टेदार राज्य शासन के पास ऐसी अतिरिक्त रकम जमा करेगा, जो कि कार्यपालन प्रतिभूति के अधिनियोजित भाग के साथ मिलकर राज्य शासन के पास जमा रकम को रूपये ..... तक लाने के लिये पर्याप्त हो।

9. अग्रक्रय का अधिकारः–

(क) राज्य शासन को उक्त अवधि के दौरान समय–समय पर समस्त समयों पर एतद्द्वारा अन्तरित उक्त भूमियों में पड़े उक्त खनिजों या पट्टेदार/पट्टेदारों के नियंत्रण में अन्यत्र कहीं पड़े हुए उक्त खनिजों को अग्रक्रय

करने का अधिकार होगा (जिसका प्रयोग पट्टेदार/पट्टेदारों को लिखित सूचना देकर किया जायेगा) और पट्टेदार, संभव समस्त शीघ्रता से, समस्त खनिजों को या इस उपबंध के अधीन राज्य शासन द्वारा क्रय किये गये उत्पाद या खनिजों को, ऐसी मात्रा में, ऐसे समयों पर, ऐसी रीति में तथा ऐसे स्थान पर, जो कि उक्त अधिकारों का प्रयोग करने बाबत् सूचना में विनिर्दिष्ट किये गये हों, सुपुर्द करेगा/करेंगे।

(ख) राज्य शासन द्वारा प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुये अग्रक्रय में लिये गये समस्त खनिजों या खनिजों के उत्पादों की भुगतान की जाने वाली कीमत वह होगी, जो कि अग्रक्रय के समय विद्यमान उचित बाजार कीमत हो।

10. राज्य भासन द्वारा किये गए व्ययों की वसूलीः–

यदि कोई ऐसे कार्य या विषय, जो इस निमित्त इसमें इसके पूर्व अन्तर्विष्ट प्रसंविदाओं के अनुसार पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा किए जाने हैं, या उनका पालन किया जाना है, उस निमित्त विनिर्दिष्ट किये गये समय के भीतर नहीं किये जाते हैं या उनका पालन नहीं किया जाता है, तो राज्य शासन, उन्हें करवा सकेगा या उनका पालन करवा सकेगा और पट्टेदार, मांग किये जाने पर, राज्य शासन को ऐसे समस्त व्ययों का भुगतान करेगा/करेंगे, जो कि इस प्रकार कार्य किए जाने या उनका अनुपालन किये जाने में किए गए हों तथा ऐसे व्ययों के सम्बंध में राज्य शासन का विनिश्चय अन्तिम होगा।

11. अन्य बाध्यतायेंः–

(क) पट्टेदार, इस नियम के अंतर्गत अनुमोदित उत्खनन योजना के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करेगा;

(ख) पट्टेदार, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अधीन केन्द्रीय या राज्य शासन द्वारा समय–समय पर विहित न्यूनतम मजदूरी से अन्यून मजदूरी का भुगतान नहीं करेगा/करेंगे;

(ग) पट्टेदार/पट्टेदारो, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधो का पालन करेगा/करेंगे;

(घ) पट्टेदार/पट्टेदारों, वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का पालन करेगा/करेंगे;

(ड.) पट्टेदार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का पालन करेंगे;

(च) पट्टेदार/पट्टेदारों, स्वयं के व्यय पर, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण, भूमि का पुररूद्धार, प्रदूषण नियंत्रण युक्तियों का उपयोग जैसे उपाय और ऐसे अन्य उपाय करेगा/करेंगे, जैसा कि कलेक्टर या उसके द्वारा प्राधिकृत अन्य किसी अधिकारी द्वारा समय–समय पर विहित किये जाये;

(छ) पट्टेदार/पट्टेदारों, नियोजन के विषय में, जनजातियों तथा स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता देगा/देंगे;

(ज) पट्टेदार/पट्टादारों, नियमों में यथा उपबंधित विधिमान्य अभिवहन पारपत्र के बिना, पट्टा क्षेत्र से कोई खनिज या उसके उत्पाद का परिवहन नहीं करेगा/करेंगे।

भाग–आठ

राज्य सरकार की प्रसंविदायें

पट्टा पर्यवसित करने की स्वतंत्रता :–

पट्टेदार, मंजूरी प्राधिकारी को कम से कम छः कैलेण्डर मास की एक लिखित सूचना देकर, इस पट्टे को किसी भी समय पर्यवसित कर सकेगा, किन्तु पर्यवसन के पूर्व ऐसे समस्त भाटकों, स्वामिस्वों नुकसानों के लिए प्रतिकर और ऐसा धन देगा और उसका भुगतान करेगा, जो कि उस समय शोध्य हो।

ऐसे खनिज की अभ्यर्पण के लिये आवेदन, ऐसी प्रत्याशित तारीख के कम से कम छः माह पूर्व करेगा और यह वचन देगा कि वह इस प्रकार अभ्यर्पित खनिज के बारे में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, जिसे उस खनिज के लिए बाद में उत्खनन पट्टा प्रदान किया गया है, की जाने वाली खुदाई में कोई रूकावट कारित नहीं करेगा।

भाग–नौ

सामान्य उपबंध

1. निरीक्षण में बाधायेंः–

मामले में, जहां पट्टेदार, उन अधिकारियों द्वारा, जो उक्त नियमों के अधीन केन्द्रीय या राज्य शासन द्वारा प्राधिकृत किए गए हैं, प्रवेश किए जाने या निरीक्षण किए जाने को अनुज्ञात नहीं करता है, तो कलेक्टर, पट्टेदार/पट्टेदारों को लिखित सूचना देगा तथा उससे यह अपेक्षा करेगा कि वह/वे, ऐसे समय के भीतर, जो कि

सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये, यह कारण बतालावें कि पट्टा क्यों न पर्यवसित कर दिया जाये तथा उसका प्रतिभूति निक्षेप क्यों न समपहृत कर लिये जाये, और यदि पट्टेदार, उपरोक्त समय में मंजूरी प्राधिकारी को समाधान पर्यन्त कारण बतलाने में असफल रहता है, तो वह पट्टा पर्यवसित कर सकेगा तथा प्रतिभूति की संपूर्ण राशि या उसके किसी भाग को समपहृत कर सकेगा।

2. पट्टे का अवसान होने पर उसकी/उनकी संपत्ति हटा लेनाः–

पट्टेदार, इस विलेख के कारण देय स्वामिस्वों का प्रथमतः भुगतान करनें पर तथा इन्हें उन्मोचित करने पर, उक्त अवधि का अवसान होने के पश्चात् या उसका पूर्वोत्तर पर्यवसान किए जाने के पश्चात् या उसके पश्चात् तीन कैलेण्डर माह के भीतर, जब तक कि पट्टा इस भाग के खण्ड 1 तथा 2 के अधीन पर्यवसित न कर दिया जाये और उस मामले में, पन्द्रह दिन से कम न होने वाले समय में किसी भी समय, न कि ऐसे पर्यवसान से तीन कैलेण्डर माह के भीतर, उसके द्वारा स्थापित उत्खनन सामग्री, जो कि पट्टेदार द्वारा उक्त भूमियों में या उन पर खड़े किये गये हों, स्थापित किए गए हों, या रखे गये हों, और जिन्हें पट्टेदार, इन नियमों के अधीन राज्य शासन को परिदत्त करने के लिए बाध्य नहीं है, हटाना होगा।

3. पट्टा पर्यवसित किये जाने से तीन माह से अधिक समय के पश्चात् रहने दी गई संपत्ति का समपहरण :–

यदि उक्त अवधि के अवसान या इस अनुसूची के भाग–नौ के खण्ड 2 में अन्तर्विष्ट उपबंध के अधीन उस अवधि के पूर्वत्तर पर्यावसान के प्रभावी होने से तीन कैलेण्डर मास के अन्त में उक्त भूमि में या उस पर कोई इंजिन, मशीनरी, संयंत्र, भवन, संरचनायें तथा अन्य कार्य परिनिर्माण तथा अन्य सुविधायें, अन्य संपत्ति, जो कि पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा उत्खनन पट्टे के अधीन उसके द्वारा/उनके द्वारा धारित किन्हीं अन्य भूमियों में किए जाने वाले संरचनाओं के सम्बंध में अपेक्षित नहीं है, तो वे उन्हें हटाया जाने की अपेक्षा करते हुए, कलेक्टर द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारों को दी गयी लिखित सूचना के पश्चात् यदि एक कैलेण्डर माह के भीतर न हटाये जायें, तो उनके सम्बंध में पट्टेदार/पट्टेदारों को कोई प्रतिकर देने या उस बाबत् उन्हें प्रतिकर देने के दायित्व के बिना, राज्य सरकार की संपत्ति समझी जायेगी तथा वे ऐसी जैसे कि राज्य शासन उचित समझे, विक्रय किए जा सकेंगे या उसका निपटारा किया जा सकेगा।

4. यह पट्टा, जिला ..... में निष्पादित किया गया है तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 220 के अध्यधीन पट्टेदार और पट्टाकर्ता के बीच एतद्द्वारा यह करार किया जाता है कि पट्टे के अधीन वसूली योग्य शोध्य के सम्बंध में तथा पट्टेदार और पट्टाकर्ता के सम्बंध के बारे में कोई विवाद होने की दशा में, वाद (या अपील) जिला .. .. (नगर का नाम) के सिविल न्यायालयों में फाईल किये जायेंगे तथा स्पष्ट करार किया जाता है कि ऊपर उल्लिखित न्यायालयों से भिन्न किसी न्यायालय में कोई वाद फाईल करने या कोई कार्यवाही करने या कोई याचिका फाईल करने के लिये पक्षकारों में से कोई पक्षकार सक्षम नहीं होगा।

5. स्टाम्प शुल्क के प्रयोजन के लिए पट्टान्तरित क्षेत्र से प्रत्याशित स्वामिस्व रुपये...../– प्रतिवर्ष है।

6. अन्य शर्तेंः– जिसके साक्ष्य में, यह विलेख प्रथमतः ऊपर उल्लिखित तारीख को इसके अधीन वर्णित रीति में निष्पादित किया गया है।

साक्षी

(1) हस्ताक्षर .....
नाम .....
पिता या पति का नाम .....

(2) हस्ताक्षर .....
नाम .....
पिता या पति का नाम .....

राज्यपाल (पट्टाकर्ता) के लिए
तथा उनकी ओर से

कलेक्टर
द्वारा हस्ताक्षरित
तारीख .....

पट्टेदार
(द्वारा हस्ताक्षरित)
तारीख .....

अटल नगर, दिनांक 19 जनवरी 2023

क्रमांक एफ 7–7/2004/XII.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग के अधिसूचना क्रमांक एफ 7–7/2004/XII, दिनांक 19–01–2023 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जय प्रकाश मौर्य, संयुक्त सचिव.

Atal Nagar, the 19th January 2023

NOTIFICATION

No. F 7- 7/2004/XII .—In exercise of the powers conferred by section 15 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 (No. 67 of 1957), the State Government, hereby, makes the following rules for regulation of quarrying and trade of minor mineral ordinary sand under the Scheduled Area, namely:-

RULES

1. Short title, extent and commencement.- (1) These rules may be called the Chhattisgarh Minor Mineral Ordinary Sand Quarrying and Trade (for Scheduled Areas) Rules, 2023.

(2) These rules Shall apply to the Scheduled Areas of the State of Chhattisgarh.

(3) These rules shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. Definitions.- (1) In these rules, unless the context otherwise requires, -

(a) "Ceiling Price" means price fixed by the District Level Committee;

(b) "Gram Panchayat" means the concerned Gram Panchayat;

(c) "District-Level Committee" means the Committee of Officers constituted by the Collector at the district level, which shall function as per the provision mentioned;

(d) "Scheduled Areas" means the Scheduled Areas referred to in clause (1) of Article 244 of the Constitution of India

(e) "Urban body" means the concerned Nagar Panchayat/Municipality/ Municipal Corporation, as the case may be.

(2) Words and expressions used in these rules but not defined shall have the same meaning as assigned to them in Chhattisgarh Minor Mineral Rules, 2015 and Chhattisgarh Minor Mineral Ordinary Sand Quarrying and Trade Rules, 2019.

3. Quarrying and transportation of minor mineral sand may be carried out in accordance with and subject to the condition prescribed in these rules by Gram Panchayat/Urban body in the Scheduled Areas of the State:

Provided that nothing contained in these rules shall apply to any such quarry lease granted before the time of coming into force of these rules.

4. Application for Quarry lease.- (1) For obtaining sand Quarry lease, the concerned Gram Panchayat/Urban body will submit, in prescribed application Form-I, to the Mining Section of the concerned district.

(2) Application fee:- (a) A Non-refundable application fee of Rs.1000.

(b) Above fee will be deposited in the Government Treasury under the following revenue receipt head:-

Major Head (0853)- Non-ferrous metal mining and metallurgical industry

Minor Head (800)- Other Receipts

(0229) – Miscellaneous.

